**<u>प्रेस के लिए सूचना नोट</u> (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 111 /2025)**

***<u>तत्काल प्रकाशन हेतु</u>***

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**16 अक्टूबर, नई दिल्ली**

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने भारत के डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग फ्रेमवर्क के लिए आधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) डिजाइन करने हेतु एक प्रतियोगिता की घोषणा की

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण** (भादूविप्रा) को **डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग (डी.सी.आर.) लोगो डिजाइन प्रतियोगिता** के शुभारंभ की घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को इमारतों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों में डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए भारत के पहले रेटिंग फ्रेमवर्क का प्रतिनिधित्व करने वाले आधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जागरूकता को बढ़ावा देना और इस ऐतिहासिक ढांचे की पहचान को आकार देने में सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में **विजेता चुनी गई डिजाइन** को डी.सी.आर. से सभी संबंधित प्रमाणपत्रों, प्लेटफार्मों, हितधारक संचार और आउटरीच अभियानों के लिए आधिकारिक लोगो के रूप में अपनाया जाएगा।

**डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियमन, 2024** के एक भाग के रूप में, भादूविप्रा ने एक फ्रेमवर्क स्थापित किया है जो यह आकलन करता है कि मोबाइल कवरेज से लेकर ब्रॉडबैंड इन्फ्रास्ट्रक्चर तक  और वास्तविक सेवा प्रदर्शन तक उच्च-गुणवत्ता वाली डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए कोई इमारत कितनी तैयार है—डीसीआर ढाँचा संपत्ति प्रबंधकों को भादूविप्रा द्वारा पंजीकृत डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसियों (डीसीआरए) के माध्यम से डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग के लिए आवेदन करने का अधिकार देता है, जिससे इनडोर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में पारदर्शिता और जवाबदेही आती है।

**प्रतियोगिता का विवरण :**

- **पात्रताः** 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं
- **आवेदन :** 05 नवंबर 2025 तक
- **जमा करने का प्रारूपः** JPG., PNG. या PDF (अधिकतम 5 Mb.); प्रति प्रतिभागी 2 प्रविष्टियाँ तक
- **ईमेल के माध्यम से जमा करने का पता : digital-rating@trai.gov.in**
- **अनिवार्य जानकारीः** नाम, आयु, पता, संपर्क विवरण, पेशा और वैध पहचान पत्र प्रमाण

- **शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों** को मूल्यांकन के लिए ओपन फाईल फोर्मेट (.AI/.EPS/.SVG) जमा करने होंगे
- **बौद्धिक संपदा अधिकार हस्तांतरणः** विजेता डिजाइनर को पूर्ण बौद्धिक संपदा अधिकार भादूविप्रा को हस्तांतरित करने के लिए सहमत होना चाहिए

प्रविष्टियों का मूल्यांकन मौलिकता, समावेशिता (आवासीय भवनों, राजमार्गों और सार्वजनिक स्थानों जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के प्रकारों के दृश्य दिखाने वाले) और डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग ढांचे के आधारभूत मूल्यों-अर्थात् विश्वास, तैयारी और पहुंच के लिए प्रासंगिकता के आधार पर किया जाएगा। डिजाइन में सौंदर्य अपील, तकनीकी गुणवत्ता (संतुलित टाइपोग्राफी और रंग उपयोग सहित), और विभिन्न प्रारूपों-डिजिटल, प्रिंट, छोटे पैमाने, बड़े पैमाने और मोनोक्रोम में मापन-योग्य क्षमता भी प्रदर्शित होनी चाहिए।

प्रथम पुरस्कार विजेता को भादूविप्रा की ओर से मान्यता प्रमाण पत्र के साथ 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। द्वितीय पुरस्कार विजेता को ₹5,000 और मान्यता प्रमाण पत्र मिलेगा। विजेता लोगो को भादूविप्रा द्वारा आधिकारिक डी.सी.आर. प्रतीक के रूप में अपनाया जाएगा। विजेताओं को डिजिटल और प्रिंट मीडिया में भादूविप्रा के लॉन्च कम्युनिकेशन में भी दिखाया जा सकता है।

यह पहल सार्वजनिक और निजी- दोनों स्थानों में एक मुख्य उपयोगिता के रूप में डिजिटल बुनियादी ढांचे के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भादूविप्रा के चल रहे प्रयासों के अनुरुप है। लोगो प्रतियोगिता न केवल आवासीय भवनों, बल्कि कार्यालयों, मॉल, अस्पतालों, परिवहन केंद्रों आदि मे तथा डिजिटल ईकोसिस्टम में अन्य साझा बुनियादी ढांचे को भी मान्यता देती है अपितु समावेशिता के संदेश को भी मजबूत करती है।

डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग फ्रेमवर्क के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया भादूविप्रा की वेबसाइट https://trai.gov.in/dcra-portal) पर जाएँ और भादूविप्रा के सोशल मीडिया हैंडल को फॉलो करें।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (क्यू.ओ.एस.-I) ईमेलः adv-qos1@trai.gov.in। दूरभाषः + 91-11-20907759 पर संपर्क करेंः

अतुल चौधरी 16/10/25

**(अतुल कुमार चौधरी)**
**सचिव, भादूविप्रा**